Brochure

Towards Gender Equity

# संगिनी

ई-6/127, अरेरा कॉलोनी, भोपाल-462 016 मध्यप्रदेश
फोन : 0755-2576158, फैक्स : 2466920
ई-मेल : sangini_center@yahoo.com
sanginiresc@mantrafreenet.com

हमारे बारे में...

# हमारे बारे में...

### संगिनी

संगिनी नारीवादी विचारधारा की महिलाओं का एक संदर्भ केन्द्र है, जिसका उद्देश्य समाज में पितृसत्तात्मक, वर्गात्मक, जातिवादी, धार्मिक, सामाजिक विभेदों को चुनौती देते हुए सबके लिए न्याय व आत्मसम्मान आधारित समाज की ओर बढ़ने वाले महिलाओं के लिए सहयोगात्मक परिस्थितियां बनाना है।

### दृष्टि

लैंगिक भेदभाव की समाप्ति करते हुए एक ऐसे समतामूलक समाज की स्थापना करना जहां महिलाएं अपने अधिकारों का उपयोग कर सकें।

### लक्ष्य

महिलाओं के साथ लिंग भेद के खिलाफ समाज में व्यापक जागरूकता पैदा करना और महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति सचेतन करते हुए जीवन व विकास के समान अवसर प्राप्त करने के लिए प्रेरित करना।

उद्देश्य...

# उद्देश्य...

- महिलओं के लिए विश्वसनीय, सुरक्षित व सहयोगात्मक वातावरण उपलब्ध कराना जहां वे अपनी जानकारी, ज्ञान व कौशल से एक दूसरे का सहयोग कर सकें।
- महिलाओं तक उनके हित की सूचना और जानकारी पहुंचाना तथा इसके माध्यम से उन्हें सशक्त बनाना।
- समाज में लैंगिक असमानता व विसंगतियों पर आधारित मूल्य व व्यवहार को चुनौती देना व वैकल्पिक मूल्यों को बढ़ावा देना।
- हिंसा, भेदभाव, यौनिक हिंसा तथा उससे जुड़े भावनात्मक व मानसिक तनाव से पीड़ित महिलाओं को संरक्षण व परामर्श उपलब्ध करना।
- राज्य स्तर पर महिला अधिकारों के लिए पक्षधरता व पैरवी के लिए संस्थाओं के साथ जुड़ाव व अभियान संचालन।
- नारीवादी दृष्टिकोण से लैंगिक भेदभाव को समझने व उनको दूर करने के लिए सूचनाओं व जानकारियों का संकलन, निर्माण, प्रकाशन व विस्तार करना।

# रणनीति...

- कौशल विकास के द्वारा महिलाओं को लैंगिक समानता में आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार करना।
- सूचना प्रसार के माध्यम से महिलाओं के हित में जुड़े कानूनों, अधिकारों, कार्यक्रमों व नीतियों को व्यापक समाज तक पहुंचाना व सूचना संप्रेषण की मदद से नारीवादी विचारों का विस्तार।
- शोध एवं दस्तावेजीकरण के जरिए महिलाओं के मुद्दों का आलोचनात्मक विश्लेषण कर समाज के सामने प्रस्तुत करते हुए उनके बेहतर विकल्पों को तैयार कराना।
- अभियान एवं नेटवर्किंग के द्वारा समाज में ज्यादा से ज्यादा लोगों व संस्थाओं को महिला मुद्दों के प्रति संवेदनशील बनाना।
- संरक्षण व परामर्श के माध्यम से हिंसा से पीड़ित महिलाओं को संबल प्रदान करना तथा उनका आत्मविश्वास बढ़ाते हुए उनकी क्षमताओं के आधार पर समाज की मुख्यधारा से जोड़ना।

## प्रमुख कार्यक्रम



# क्षमता वृद्धि...

संगिनी का मानना है कि उचित मार्गदर्शन व सकारात्मक माहौल से व्यक्ति की सोच में बदलाव तथा उसके जानकारी का स्तर व कौशल बढ़ाया जा सकता है। जेंडर संवेदीकरण की दिशा में संगिनी विभिन्न माध्यमों से क्षमता विकास का प्रयास करती है जिनमें प्रमुख तौर पर प्रशिक्षण, उन्मुखीकरण कार्यशाला, शैक्षणिक भ्रमण, टेलीकाउंसिलिंग एवं फेलोशिप कार्यक्रम है।

**हमारे क्षमतावृद्धि के प्रयासों के निम्न चरण हैं :-**

**प्रशिक्षण**

संगिनी सामाजिक विकास के क्षेत्र में महिला मुद्दों पर कार्यरत स्वैच्छिक संस्थाओं के कार्यकर्ताओं तथा अन्य लोगों की लैंगिक समानता पर समझ, कौशल व जानकारी बनाने के लिए विविध प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करती है। हमारा मानना है कि

प्रशिक्षण एक अवसर है जब व्यक्ति अपने आंतरिक विचारों को क्रमबद्धता प्रदान कराता है और अपने तथा अन्य साथियों के अनुभवों के विश्लेषण से नयी सीख बनाता है। संगिनी निम्न विषयों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करती है -

- सामाजिक लिंगभेद की पहचान व समझ के लिए प्रशिक्षण - प्राथमिक से लेकर अंतिम स्तर तक।
- लिंगभेद के मुद्दों पर व्यापक प्रशिक्षण आधार के लिए प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण।
- महिला मुद्दों के दस्तावेजीकरण के लिए प्रशिक्षण।
- विकास व महिलाएं।
- स्थानीय स्वशासन व महिलाएं।
- महिलाओं में नेतृत्व विकास।
- महिलाओं और उससे जुड़े कानूनी पहलुओं पर प्रशिक्षण।
- कानूनी पहलुओं पर प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण।
- महिला हिंसा के विभिन्न रूपों को समझने के लिए प्रशिक्षण।
- व्यक्तित्व निर्माण व कौशल विकास प्रशिक्षण।
- महिलाओं के लिए आत्मरक्षा पर विशेष प्रशिक्षण।
- विभिन्न मुद्दों पर उन्मुखीकरण प्रशिक्षण।

## कार्यशाला

हमारा मानना है कि प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अतिरिक्त कार्यशालाओं के माध्यम से एक दूसरो के अनुभवों का आदान प्रदान करने तथा नयी दिशा के बारे में सोच बनती है। इस उद्देश्य से हम विभिन्न स्तरों पर कार्यशालाओं का आयोजन करते हैं। संगिनी निम्न कार्यशालाओं का आयोजन करती है -

- कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के मसले पर कार्यशाला।
- महिला हिंसा विरोध कार्यशाला।
- साम्प्रदायिकता व महिलाएं।

## हमारे क्षमता विकास के अन्य पहलू निम्न हैं-

- शैक्षणिक भ्रमण के द्वारा दूसरों के अनुभवों से सीख व लाभ लेना।
- टेलीकाउंसिलिंग के माध्यम से समस्याओं को हल करने का प्रयास।
- फैलोशिप के माध्यम से क्षेत्रीय स्तर पर काम के फैलाव के लिए कार्यरत साथियों को मदद।

# सूचना जानकारी...

## सूचना का विस्तार –
## प्रकाशन, दस्तावेजीकरण व संदर्भ केन्द्र

संगिनी का मानना है कि सामाजिक रूप से लैंगिक समानता व महिलाओं के लिए हिंसा मुक्त वातावरण बनाने में सूचना व जानकारियों का प्रसार एक महत्वपूर्ण कारक है। संगिनी अपने उद्देश्यों को पाने के लिए अपने संदर्भ केन्द्र में सूचनाओं का संकलन, निर्माण व विस्तार पर जोर देती है। हमारे संदर्भ केन्द्र की प्रमुख भूमिकाएं –

- लिंगभेद प्रशिक्षण पर मार्गदर्शिका का निर्माण व प्रकाशन।
- युवाओं को जागरूक बनाने के लिए मार्गदर्शिका का निर्माण व प्रकाशन।
- संस्था के नियमित त्रैमासिक न्यूज लेटर 'संगिनी' का प्रकाशन।
- महिलाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर सूचनाप्रद पुस्तिकाओं का प्रकाशन।
- महिला मुद्दों पर कार्यरत स्वैच्छिक संस्थाओं की डायरेक्ट्री।
- महत्वपूर्ण दस्तावेजों का सरलीकरण व हिन्दी रूपांतरण।
- शोधपत्रों का प्रकाशन।
- दृश्य श्रव्य सामग्री का संकलन।
- पोस्टर/पर्चे का संकलन व प्रकाशन।
- समाचार पत्रों की कटिंग व लेखों का संकलन।



# शोध व पैरवी...

सामाजिक परिस्थितियों को महिलाओं के अनुकूल बनाने के लिए नीतियों का विश्लेषण, व्यवहारों के बारे में शोध व नये मानकों की स्थापना लाज़मी है। संगिनी महिलाओं से जुड़े मुद्दों की वस्तुस्थिति के बारे में निरंतर शोध करती है तथा उसके निष्कर्षों को महिलाओं के हित में एडवोकेसी करने तथा व्यापक समाज को संवेदित करने के लिए उपयोग पर बल देती है। हमारे प्रयासों में निम्न मुद्दे शोध के विषय के रूप में शामिल हैं–

- घरेलू हिंसा
- असंगठित क्षेत्र में कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न विभिन्न आश्रय घरों और परामर्श केन्द्रों की स्थिति व प्रभाविकता।
- महिला साक्षरता व सशक्तिकरण।
- महिला नेतृत्व व स्थानीय निकाय।
- पंचायतों में महिलाओं की भूमिका।

# अभियान नेटवर्किंग...

## प्रमुख अभियान व संस्थागत गठजोड़ (नेटवर्किंग)

बड़े सामाजिक परिवर्तन की दिशा में स्वैच्छिक प्रयासों के हस्तक्षेप का एक सीमित दायरा है। हमारे प्रयासों में एकजुटता से ही बड़े प्रभावों की कल्पना की जा सकती है। इसलिए संगिनी अपने कार्यक्रमों में ज्यादा से ज्यादा संस्थाओं को जोड़ने का प्रयास करती है। इस जुड़ाव से हम एक दूसरे की क्षमताओं का उपयोग कर पाते हैं और व्यापक प्रभाव के लिए मिलकर काम करने की परिस्थिति बनाते हैं। हमारे अपने प्रयासों से मध्यप्रदेश के ३० जिलों की संस्थाओं के साथ सीधा जुड़ाव है। संगिनी इसके साथ ही महिलाओं को अपनी बात रखने के लिए एक मंच भी उपलब्ध कराती है। अब तक के संगिनी के साझा प्रयासों से निम्न कार्यक्रम व अभियान शामिल हैं -

- अंर्तराष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष आयोजन।
- महिला हिंसा पर खामोशी तोड़ो अभियान।
- हिंसा विरोधी पखवाड़ा।
- कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न पर महिला जागरूकता अभियान।
- साम्प्रदायिकता और महिलाएं।
- महिलाओं के साथ शारीरिक हिंसा व छेड़खानी।
- घरेलू हिंसा।
- महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी।
- युवा जागरूकता अभियान।

# आश्रय परामर्श...

### आश्रय व परामर्श

संगिनी हिंसा से पीड़ित महिलाओं को आश्रय व परामर्श देने के लिए प्रयासरत है। संगिनी का मानना है कि पीड़ित महिला अपने को समाज की मुख्यधारा से अलग मानने लगती है। ऐसी स्थिति में उनको भावनात्मक संबल प्रदान कर उनके आत्मविश्वास को बढ़ाया जा सकता है। हिंसा से पीड़ित महिलओं व उनके परिवार के लोगों को संगिनी परामर्श व यथा संभव आश्रय देने का प्रयास करती है। अपने प्रयास में हम आमने सामने परामर्श व जो महिलाएं सीधे हम तक नहीं पहुंच सकती उनको फोन पर उचित मार्गदर्शन उपलब्ध कराते हैं। प्रदेश के सभी भौगोलिक क्षेत्रों में संगिनी के दक्ष कार्यकर्ताओं की एक टीम है जो पीड़ित महिलाओं को यथासमय परामर्श व सहयोग उपलब्ध कराती है।



# हमसे जुड़ाव...



### आप हमसे जुड़ सकते हैं –

- हमारे अभियान में सहभागी होकर
- हमारे संदर्भ केन्द्र में अपने प्रकाशन व अपने लेख भेजकर
- हमारा प्रकाशन वितरित कर
- हमारे कार्यक्रमों में शामिल होकर
- हमारे आश्रय में आने वाले लोगों को अपना सहयोग देकर
- परामर्श केन्द्र पर अपना समय देकर

जो सर उठा रही है
उसको बुलंदी दो तुम,
शायद उसी के लब से
बनेगी एक नई धुन।

जो चुप रही, सहती रही
सदियों से हर दशा,
बढ़ते कदम से उसके
बनेगी नई आशा

नहीं बेखबर है वो
कि जालिम है ज़माना,
पाने को मगर सब कुछ
फिर भी उसने है ठाना।

बिन जतन के होगा नहीं
कुछ भी यहां हासिल,
हालत बदलने के लिये
उसे बनना है काबिल।